मध्य प्रदेश शासन
प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति
सचिवालय
कार्यालयः टैगोर छात्रावास क्रमाँक टी–2, भूतल, वाएं विंग, श्यामला हिल, भोपाल–462002
दूरभाष एवं फैक्स : 0755–2660461, ई–मेल : afrcmp@gmail.com

क्रमांक / सचि. / ओएसडी / 2016 / 3729 दिनांक – 16/8/16

CRISP BHOPAL
Date 22/8/16
CEO
Action
Copy SB / RM

प्रति,

अध्यक्ष / सचिव / संचालक,
निजी क्षेत्र की गैर अनुदान प्राप्त तकनीकी / चिकित्सा / उच्च शिक्षा की व्यावसायिक शिक्षण संस्थाएं
मध्यप्रदेश।

विषय– प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति द्वारा आगामी ब्लॉक अर्थात् सत्र 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 के लिये किये गये शुल्क विनियमन के संबंध में।

संदर्भ–इस सचिवालय का पत्र क्रमांक / सचि. / ओएसडी / 2016 / 3399 दिनांक 23.07.2016.

***

उपरोक्त विषियांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के शुल्क विनियमन की सुनवाई के दौरान संस्थाओं को समिति के पोर्टल पर डाटा अपलोड किये जाने एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 के आय–व्यय पत्रक (आडिटेड बैलेन्श सीट) को दिनांक 31.07.2016 तक अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसका उल्लेख उक्त पाठ्यक्रमों के शुल्क विनियमन के आदेशों में भी दर्शित है।

प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति द्वारा की आयोजित बैठक दिनांक 05.08.2016 को लिये गये निर्णयानुसार निजी क्षेत्र की गैर अनुदान प्राप्त तकनीकी / चिकित्सा / उच्च शिक्षा की व्यावसायिक शिक्षण संस्थाएं जिनके द्वारा समिति, सचिवालय के वेब पोर्टल पर डाटा (Excel/Word/PDF Image File में) अपलोड करने के साथ–साथ वित्तीय वर्ष 2015–16 के आय–व्यय पत्रक (आडिटेड बैलेन्श सीट) अपलोड किया जाना है।

ऐसी समस्त संस्थाएं समिति, सचिवालय के ईमेल afrcmp@gmail.com पर अनुरोध भेजकर पोर्टल के माध्यम से दिनांक 31.08.2016 तक डाटा (Excel/Word/PDF Image File में) अपलोड करने के साथ–साथ वित्तीय वर्ष 2015–16 के आय–व्यय पत्रक (आडिटेड बैलेन्श सीट) भी अपलोड कर सकती हैं। संस्थाओं के द्वारा (Excel/Word/PDF Image File में) अपलोड किये गये डेटा को समिति द्वारा संज्ञान में लिया जावेगा।

N.K. Sharma 16/8/16
(डॉ. एन.के. शर्मा)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी

पृ. क्रमांक / सचि. / ओएसडी / 2016 / 3730 दिनांक– 16/8/16

प्रतिलिपि–1. माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कार्यपालक निदेशक, क्रिस्प, भोपाल को इस टीप के साथ कि वे इस सूचना पत्र को समिति के बेवसाईट के होमपेज पर प्रदर्शित करें।

N.K. Sharma 16/8/16
(डॉ. एन.के. शर्मा)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी